J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# THE TRIBUNE

## NATIONAL TECHNOLOGY DAY

**Faridabad:** Various programmes to mark National Technology Day were organised at the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. National Technology Day is celebrated on May 11 to highlight the achievements of engineers and scientists in the field of technology and science. Rajive Gulati, former head of Hartron Innovation and Startup Hub, Gurugram, who was the chief guest, described the importance of innovation and research and guided the students on building the start-up ideas. He said the application of research and development needs a new form of bridging from lab to life.

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# PIONEER

# वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका

## एडवांस्ड कॉलेज में प्रौद्योगिकी दिवस पर कुलपति एसके तोमर का उद्बोधन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एसके** तोमर, कुलपति, जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बुधवार, 11 मई, 2022 को एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह के अवसर पर संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। प्रो. तोमर ने बताया है कि हम वैश्वीकरण के युग में रहे हैं और इसमें प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका रही है।

छात्रों को स्टार्ट अप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग सरल हो। भारत ने 11 और 13 मई, 1998 को पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए और तब से 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। समारोह की शुरुआत डॉ. एस के तोमर, संजीव चंद्रा, परवीन रामदास, डॉ अनुराग गौर, डॉ जवाहर लाल, और डॉ आर आर पांडे ने देवी सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर की गई। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह का आयोजन विज्ञान भारती, हरियाणा के सहयोग से एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन एआईटीएम के प्राचार्य डॉ. आर.आर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नेहा आर्य, एचओडी, प्रबंधन विभाग थी। संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए सही मंच प्रदान करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को बढ़ावा देना है।



**एडवांस्ड इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनजमेंट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जेसी बोस विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर।**

उन्होंने आगे कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने परिसर में सबसे उन्नत कंप्यूटर सिस्टम प्रदान करने का प्रयास किया है। डॉ. आर.आर. पांडे, प्रिंसिपल एआईटीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक तकनीक दिन-प्रतिदिन बदल रही है, हर नई तकनीक के साथ इसे और बेहतर बना रही है। प्रौद्योगिकियां काफी हद तक मनुष्य और अन्य जीवित प्राणियों की सेवा कर रही हैं।

मंच पर डॉ. अनुराग गौर, एसोसिएट प्रोफेसर, जेसी बोस यूनिवर्सिटी, वाईएमसीए, फरीदाबाद को देखकर छात्र बहुत अधिक उत्साहित थे। वक्ताओं के अलावा परवीन रामदास, डॉ. जवाहर लाल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर बातचीत की। डॉ. अनुराग गौर ने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी में पूरे समाज को बदलने की शक्ति है। कार्यक्रम में, डॉ. आर. आर. पांडे, प्रिंसिपल, एआईटीएम, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल, एआईई, डॉ. अर्पणा राणा, प्रिंसिपल एआईपी, सभी एचओडी, दिव्या वर्मा, रजिस्ट्रार, प्रशासक अधिकारी, नवीन गुप्ता, एआईटीएम के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन एच.ओ.डी प्रबंधन डॉ. नेहा आर्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# HUMAN INDIA

# एडवांस्ड कॉलेज में प्रौद्योगिकी दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**ह्यूमन इंडिया/बलराम बंसल**

**होडल।** एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह के अवसर पर प्रो. एस.के. तोमर कुलपति जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद ने आज संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को सम्बोधित किया। प्रो. तोमर ने कहा कि हम वैश्वीकरण के युग में जी रहे हैं और इसमें प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका रही है। छात्रों को स्टार्ट अप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग सरल हो सके। उन्होंने कहा की भारत ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए और तब से 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। समारोह की शुरुआत डॉ. एस के तोमर, संजीव चंद्रा, परवीन रामदास, डॉ अनुराग गौर, डॉ जवाहर लाल, डॉ. आर आर पांडे ने देवी सरस्वती




को दीप प्रज्वलित कर की गई। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह का आयोजन विज्ञान भारती हरियाणा के सहयोग से एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन एआईटीएम के प्राचार्य डॉ. आरआर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नेहा आर्य एचओडी प्रबंधन विभाग थी। संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए सही मंच प्रदान करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिएए एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने परिसर में सबसे उन्नत कंप्यूटर सिस्टम प्रदान करने का प्रयास किया है। डॉ.आरआर पांडे प्रिंसिपल एआईटीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक तकनीक दिन-प्रतिदिन बदल रही है, हर नई तकनीक के साथ इसे और बेहतर बना रही है। प्रौद्योगिकियां काफी हद तक मनुष्य और अन्य जीवित प्राणियों की सेवा कर रही हैं। इस अवसर पर डॉ. अनुराग गौर एसोसिएट प्रोफेसर जेसी बोस यूनिवर्सिटीए वाईएमसीएए फरीदाबाद को देखकर छात्र बहुत अधिक उत्साहित थे। उपरोक्त वक्ताओं के अलावा परवीन रामदास, डॉ. जवाहर लाल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर बातचीत की। डॉ. अनुराग गौर ने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी में पूरे समाज को बदलने की शक्ति है। कार्यक्रम में डॉ. आर. आर. पांडे प्रिंसिपल एआईटीएम डॉ. लक्ष्मी शर्मा प्रिंसिपल एआईईए डॉ. अर्पणा राणा, प्रिंसिपल एआईपी सभी एचओडी दिव्या वर्मा, रजिस्ट्रार, प्रशासक अधिकारी नवीन गुप्ता, एआईटीएम के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन एचओडी प्रबंधन डॉ. नेहा आर्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित व राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

## SATYAJAY TIMES

# छात्रों को स्टार्ट अप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान देना चाहिए : प्रो. एस.के. तोमर

**पलवल,11 मई, सत्यजय टाईम्स/उमंग वालिया।** प्रो. एस.के. तोमर, कुलपति, जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बुधवार, को एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह के अवसर पर संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया।

प्रो. तोमर ने बताया है कि हम वैश्वीकरण के युग में जी रहे हैं और इसमें प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका रही है। छात्रों को स्टार्ट अप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग सरल हो। भारत ने 11 और 13 मई, 1998 को पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए और तब से 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। समारोह की शुरूआत डॉ. एस के तोमर, संजीव चंद्रा, परवीन रामदास, डॉ अनुराग गौर, डॉ जवाहर लाल, और डॉ आर आर पांडे ने देवी सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह का आयोजन विज्ञान भारती, हरियाणा के सहयोग से एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन एआईटीएम के प्राचार्य डॉ. आर.आर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नेहा आर्य, एचओडी, प्रबंधन विभाग थी। संस्था के चेयरमैन श्री. संजीव चंद्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए सही मंच प्रदान करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को बढ़ावा देना है।



छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते प्रो. एस.के. तोमर।
छाया: सत्यजय टाईस/उमंग वालिया।

उन्होंने आगे कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने परिसर में सबसे उन्नत कंप्यूटर सिस्टम प्रदान करने का प्रयास किया है। डॉ. आर.आर. पांडे, प्रिंसिपल एआईटीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक तकनीक दिन-प्रतिदिन बदल रही है, हर नई तकनीक के साथ इसे और बेहतर बना रही है। प्रौद्योगिकियां काफी हद तक मनुष्य और अन्य जीवित प्राणियों की सेवा कर रही हैं। मंच पर डॉ. अनुराग गौर, एसोसिएट प्रोफेसर, जेसी बोस यूनिवर्सिटी, वाईएमसीए, फरीदाबाद को देखकर छात्र बहुत अधिक उत्साहित थे। उपरोक्त वक्ताओं के अलावा परवीन रामदास, डॉ. जवाहर लाल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर बातचीत की। डॉ. अनुराग गौर ने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी में पूरे समाज को बदलने की शक्ति है। कार्यक्रम में, डॉ. आर. आर. पांडे, प्रिंसिपल, एआईटीएम, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल, एआईई, डॉ. अर्पणा राणा, प्रिंसिपल एआईपी, सभी एचओडी, दिव्या वर्मा, रजिस्ट्रार, प्रशासक अधिकारी, नवीन गुप्ता, एआईटीएम के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन एच.ओ.डी प्रबंधन डॉ. नेहा आर्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# प्रौद्योगिकी का उपयोग से समाज की बेहतरी के लिए करें विद्यार्थी : कुलपति प्रो. तोमर

**सुरेश गुप्ता ▶▶ अधिकार संवाददाता**

पलवल, 11 मई। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रौद्योगिकी का उपयोग से समाज की बेहतरी के लिए करें।

प्रो. तोमर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष में एडवांस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एआईटीएम) में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भारती, हरियाणा द्वारा एआईटीएम के सहयोग से किया गया था। इस मौके पर एआईटीएम के प्राचार्य डॉ. आर. पांडे और संजीव चंद्रा भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग की प्रमुख डॉ. नेहा आर्य ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. तोमर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की प्रासंगिकता और वर्तमान समय में




इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हमारे वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की उपलब्धियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश में नवाचार और तकनीकी प्रगति लाने में योगदान दिया। इस दिन हमें अपने देश को उन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना चाहिए जहां हम पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम वैश्वीकरण के युग में हैं, जहां प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्रों को स्टार्ट-अप, नए शोध एवं नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया ताकि वे करियर में बेहतर कर सकें।

संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए सही मंच प्रदान करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को बढ़ावा देना है।

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# DAINIK JAGRAN

## स्टार्टअप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान दें छात्र : प्रो. तोमर

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाइएमसीए) विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने बुधवार को एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट (एआइटीएम) में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में शिरकत की तथा इस अवसर पर संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। प्रो. तोमर ने बताया है कि हम वैश्वीकरण के युग में जी रहे हैं और इसमें प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका रही है। छात्रों को स्टार्टअप, नए आविष्कारों और नवीनतम तकनीकों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग सरल हो। भारत ने 11 और 13 मई, 1998 को पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए और तब से 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन एआइटीएम के प्राचार्य डा. आरआर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डा. नेहा आर्य, एचओडी, प्रबंधन विभाग रहीं।

संस्था के चेयरमैन संजीव चंद्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए सही मंच प्रदान करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट ने परिसर में सबसे उन्नत कंप्यूटर सिस्टम प्रदान करने का प्रयास किया है। डा आरआर पांडे, प्रिंसिपल एआइटीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आधुनिक तकनीक दिन प्रति दिन बदल रही है। हर नई तकनीक के साथ इसे और बेहतर बना रही है।

मौके पर जेसी बोस विवि की एसोसिएट प्रोफेसर डा. अनुराग गौर, डा. लक्ष्मी शर्मा, डा. अर्पणाराणा, दिव्या वर्मा, नवीन गुप्ता समेत शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।



छात्रों को संबोधित करते जेसी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसके तोमर ●

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# SAMVAD NEWS AGENCY

# समाज के लिए करें तकनीक का उपयोग

## एडवांस इंस्टीट्यूट पहुंचे जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा

संवाद न्यूज एजेंसी



कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. एसके तोमर। संवाद

**पलवल।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीक का उपयोग से समाज की बेहतरी के लिए करें। बुधवार को प्रो. तोमर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में एडवांस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भारती, हरियाणा द्वारा एआईटीएम पलवल के सहयोग से किया गया था। इस मौके पर एआईटीएम के प्राचार्य डॉ. आर पांडे और संजीव चंद्रा भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग की प्रमुख डॉ. नेहा आर्य ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. तोमर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की प्रासंगिकता और इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हमारे वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की उपलब्धियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश में नवाचार और तकनीकी प्रगति लाने में योगदान दिया। इस दिन हमें उन सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना चाहिए जहां हम पिछड़े हुए हैं।

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# REPCO NEWS

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया

फरीदाबाद, 11 मई (रैपको न्यूज़)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर साल 11 मई को प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हारट्रॉन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब, गुरुग्राम के पूर्व प्रमुख श्री राजीव गुलाटी मुख्य अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने की। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के संकाय द्वारा किया गया और यह हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजीव गुलाटी ने नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर विचार रखे और छात्रों को स्टार्ट-अप आइडिया विकसित करने के विभिन्न चरणों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और विकास के अनुप्रयोगों को वास्तविक जीवन से जोड़ने की आवश्यकता है। इस समय दुनिया की अर्थव्यवस्था में इनोवेटिव स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न के माध्यम से चल रही है। संबोधन में उन्होंने स्थानीय चुनौतियों, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी इंवेस्टर्स की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों से बेहतर कैरियर विकल्प के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी नई उभरती प्रौद्योगिकियों को सीखने का आह्वान किया।



अपने संबोधन में कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने पोखरण टेस्ट 1998 के समय भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद भारत लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रहा। इसका श्रेय देश को गौरवान्वित करने वाले इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को जाता है। तेजी से हो रहे औद्योगीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति पर्यावरण को दांव पर रखकर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को सतत विकास के लिए तकनीकी नवाचार पर काम करने के लिए प्रेरित किया और प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करने का आग्रह किया। उन्होंने कूड़ा-करकट को नगरों की प्रमुख समस्या बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से इसे रोकने का संकल्प लेने का आह्वान किया।इससे पहले इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. एम.एल. अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग एवं डीन इंस्टीट्यूशंस डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे।

इस उपलक्ष में छात्रों के नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर प्रस्तुति और मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो नीलम तुर्क, डॉ सपना गंभीर, डॉ संध्या दीक्षित और डॉ रश्मी पोपली ने किया।

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# AAJ SAMAJ

कार्यक्रम

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की तरक्की के साथ पर्यावरण का भी रखें ध्यानः कुलपति प्रो. तोमर

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर साल 11 मई को प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हारट्रॉन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब, गुरुग्राम के पूर्व प्रमुख राजीव गुलाटी मुख्य अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के संकाय द्वारा किया गया और यह हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव गुलाटी ने नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर विचार रखे और छात्रों को स्टार्ट-अप आइडिया विकसित करने के विभिन्न चरणों पर मार्गदर्शन दिया। इस समय दुनिया की अर्थव्यवस्था में इनोवेटिव स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न के माध्यम से चल रही है। संबोधन में उन्होंने स्थानीय चुनौतियों, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी इंवेस्टर्स की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों से बेहतर कैरियर विकल्प के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी नई उभरती प्रौद्योगिकियों को सीखने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने पोखरण टेस्ट 1998 के समय भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद भारत लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रहा। इसका श्रेय देश को गौरवान्वित करने वाले इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को जाता है। तेजी से हो रहे औद्योगीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति पर्यावरण को दांव पर रखकर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को सतत विकास के लिए तकनीकी नवाचार पर काम करने के लिए प्रेरित किया और प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करने का आग्रह किया। इससे पहले इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. एमएल अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एसके गर्ग एवं डीन इंस्टीट्यूशंस डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# PUNJAB KESARI

# प्रौद्योगिकी की तरक्की के साथ पर्यावरण का रखें ध्यान: तोमर

- छात्रों को स्टार्ट-अप आइडिया विकसित करने के विभिन्न चरणों पर मार्गदर्शन दिया



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर।

**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर साल 11 मई को प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हारट्रॉन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब, गुरुग्राम के पूर्व प्रमुख श्री राजीव गुलाटी मुख्य अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने की। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के संकाय द्वारा किया गया और यह हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजीव गुलाटी ने नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर विचार रखे और छात्रों को स्टार्ट-अप आइडिया विकसित करने के विभिन्न चरणों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और विकास के अनुप्रयोगों को वास्तविक जीवन से जोडने की आवश्यकता है। इस समय दुनिया की अर्थव्यवस्था में इनोवेटिव स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न के माध्यम से चल रही है। संबोधन में उन्होंने स्थानीय चुनौतियों, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी इंवेस्टर्स की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों से बेहतर कैरियर विकल्प के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी नई उभरती प्रौद्योगिकियों को सीखने का आह्वान किया। इससे पहले इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. एम.एल. अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग एवं डीन इंस्टीट्यूशंस डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। इस उपलक्ष में छात्रों के नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर प्रस्तुति और मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो नीलम तुर्क, डॉ सपना गंभीर, डॉ संध्या दीक्षित और डॉ रश्मी पोपली ने किया।

## देश को गौरवान्वित करने वाले इंजीनियर और वैज्ञानिक

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने पोखरण टेस्ट 1998 के समय भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद भारत लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रहा। इसका श्रेय देश को गौरवान्वित करने वाले इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को जाता है। तेजी से हो रहे औद्योगीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति पर्यावरण को दांव पर रखकर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को सतत विकास के लिए तकनीकी नवाचार पर काम करने के लिए प्रेरित किया और प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करने का आग्रह किया। उन्होंने कूड़ा-करकट को नगरों की प्रमुख समस्या बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से इसे रोकने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

पंजाब केसरी Thu, 12 May 2022
mpaper.punjabkesari.com/c/67993400

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# PUNJAB KESARI

# सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने आरोग्य केंद्र का दौरा किया

## अग्रवाल ने छात्रों को अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं से परिचित कराया



**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बैचलर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों के लिए डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, सेक्टर-8 फरीदाबाद के लिए दौरे का आयोजन किया।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, सेक्टर-8 फरीदाबाद का संचालन भारत विकास परिषद समाज कल्याण ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा किया जा रहा है। भारत विकास परिषद समाज कल्याण ट्रस्ट फरीदाबाद के परियोजना अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल ने छात्रों को अस्पताल की स्थापना और मिशन के बारे में जानकारी दी।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के चिकित्सा निदेशक डॉ रमेश अग्रवाल ने छात्रों को अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं से परिचित कराया और आर्थिक रूप से गरीब रोगियों के लिए उपलब्ध रियायती सेवाओं और सुविधाओं से अवगत कराया।

भारत विकास परिषद समाज कल्याण ट्रस्ट फरीदाबाद के संयुक्त सचिव श्री अशोक गोयल ने भी छात्रों से बातचीत की। प्रशासन एवं संचालन प्रमुख श्री अमित सिंघल ने विद्यार्थियों को अस्पताल में उपलब्ध विभागों, चिकित्सा जांच एवं अन्य सुविधाओं से परिचित कराया। छात्रों के लिए दौरे का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अखिलेश त्रिपाठी और डॉ. केएम ताबीश ने किया। संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ पवन सिंह मलिक ने छात्रों को औद्योगिक दौरे से पहले उनका मार्गदर्शन किया।

पंजाब केसरी Thu, 12 May 2022
mpaper.punjabkesari.com/c/67993392

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# DAINIK JAGRAN

## स्टार्टअप आइडिया के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हारट्रान इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब गुरुग्राम के पूर्व प्रमुख राजीव गुलाटी मुख्य अतिथि रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की।

कार्यक्रम में राजीव गुलाटी ने नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर विचार रखे और छात्रों को स्टार्ट-अप आइडिया के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और विकास के अनुप्रयोगों को वास्तविक जीवन से जोड़ने की आवश्यकता है। इस समय दुनिया की अर्थव्यवस्था में इनोवेटिव स्टार्ट-अप और यूनिकार्न के माध्यम से चल रही है। उन्होंने स्थानीय चुनौतियों, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी इंवेस्टर्स की भूमिका का उल्लेख किया। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. एमएल अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कुलसचिव डा. एसके गर्ग एवं डीन इंस्टीट्यूशंस डा.संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। छात्रों के नवीन विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर प्रस्तुति और माडल प्रदर्शन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। संचालन प्रो.नीलम तुर्क, डा. सपना गंभीर, डा.संध्या दीक्षित और डा.रश्मी पोपली ने किया।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो .एसके तोमर दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ● सौ. संस्थान पीआरओ

**NEWS CLIPPING:12.05.2022**

# HINDUSTAN

## नई प्रौद्योगिकियां सीखने का आहवान किया

फरीदाबाद। वाईएमसीए में बुधवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हारट्रॉन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब, गुरुग्राम के पूर्व प्रमुख राजीव गुलाटी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एसके तोमर ने की। छात्रों से नई प्रौद्योगिकियां सीखने का आह्वान किया।